समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# अनुपम खेर ने फिल्म के प्रीमियर पर पत्नी किरण खेर का रखा खास ख्याल, फैंस को बढ़ी सेहत की चिंता

Publisher

Published on 18 Jul 2025



**Kirron Kher Video: फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के प्रीमियर मे दिखीं किरण खेर, चलने मे दिखी दिक्कत, फैंस ने पूछा – क्या तबीयत ठीक है ?**

**मुंबई | 18 जुलाई 2025:**
**अनुपम खेर** की फिल्म '**तन्वी द ग्रेट**' 17 जुलाई की रात मुंबई में प्रीमियर के साथ रिलीज़ हुई। इस खास मौके पर उनकी पत्नी और दिग्गज अभिनेत्री **किरण खेर** भी रेड कार्पेट पर नजर आईं, लेकिन उनका वीडियो सामने आते ही फैंस की चिंता बढ़ गई है।

### रेड कार्पेट पर नजर आया अनुपम का प्यार, फैंस हुए भावुक

रेड ड्रेस में पहुंची किरण खेर को अनुपम खेर सहारा देते हुए लाते हैं और कैमरे के सामने पोज भी करते हैं। लेकिन वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किरण खेर की **शारीरिक हालत कमजोर** लग रही है और चलने में उन्हें कठिनाई हो रही है। वहीं, उनके चेहरे पर हल्की **सूजन** भी नजर आ रही है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर फैंस सवाल पूछ रहे हैं।

> एक यूज़र ने कमेंट किया, "इन्हें क्या हो गया है ?", तो दूसरे ने लिखा, "लगता है अभी पूरी तरह से रिकवर नहीं हुई हैं।"

## ब्लड कैसंर से जूझ रही है किरण खेर

बता दें कि किरण खेर को **2020 मे मंल्टीपल मायलोमा (ब्लड कैसंर)** हुआ था। तब से उनका इलाज जारी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि यह एक लंबी लड़ाई है और अभी खत्म नहीं हुई है।

## अनुपम और बेटे सिकंदर ने निभाई जिम्मेदारी

पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुपम खेर और बेटे **सिकंदर खेर** लगातार किरण का सहारा देते और उनका ख्याल रखते नजर आए। अनुपम खेर के इस भावुक और केयरिंग अंदाज़ ने फैंस का दिल जीत लिया, लेकिन किरण खेर की हालत ने सबको भावुक कर दिया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.